कार्यालय नियंत्रक प्राधिकारी

(महानिदेशक, गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर)

ई–मेल : psa.hgcd.rj@nic.in
Website : http://home.rajasthan.gov.in

क्रमांकः– प.37(1712)एचजी/पीएसएएल/2020/4184-4185 दिनाकः– 03 MAR 2020

–:: कार्यालय आदेश::–

मैसर्स : बाजिया सिक्यूरिटी सर्विसेज प्रा.लि. एण्ड ट्रेनिंग सेन्टर, लाइसेन्स संख्या 578/ CD & HG HQ (S-Cell)/2017 दिनांक 06.07.2012 (वैद्यता दिनांक 05.07.2022) का कार्यालय आदेश क्रमांक 477 दिनांक 08.01.2020 के द्वारा वर्ष 2019–20 का वार्षिक निरीक्षण करवाये जाने पर निरीक्षण अधिकारी ने अपनी निरीक्षण रिपोर्ट में यह अवगत कराया गया है कि प्राइवेट सिक्यूरिटी एजेन्सी, कार्यालय पता : मकान नं. 225, बालाजी विहार–।।, कालवाड़ रोड़, झोटवाड़ा, पुलिस स्टेशन–करधनी, जयपुर व निजी सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान, कार्यालय पता : मार्फत रवि सीनियर सैकण्डरी स्कूल, भूमा बड़ा, थाना–लक्ष्मणगढ, जिला–सीकर के पते पर क्रमशः निजी सुरक्षा अभिकरण एवं निजी सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान संचालित नही होना पाया गया।

एजेन्सी द्वारा प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 की धारा 13 (1) में विनिर्दिष्टि उपधारा 13(1)(क) व 13(1)(ग) का उल्लंघन किया जाना पाया गया।

उक्त के क्रम में प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 की उपरोक्त धाराओं का उल्लंघन करने के कारण अनुज्ञप्तिधारी के अनुज्ञापत्र लाइसेन्स संख्या 578/ CD & HG HQ (S-Cell)/2017 दिनांक 06.07.2012 (वैद्यता दिनांक 05.07.2022) को कार्यालय पत्रांक 29.01.2020 के द्वारा प्राइवेट सिक्यूरिटी अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 की धारा 13(2) के तहत एक माह के लिए निलम्बित किया गया। अनुज्ञप्तिधारक को धारा 13(4) उपधारा (1) के तहत व्यक्तिगत सुनावाई का युक्तियुक्त अवसर दिनांक 27.02.2020 को प्रदान किया गया। व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान अनुज्ञप्तिधारक द्वारा PSAR एक्ट 2005 की धारा 13 (1) में विनिर्दिष्टि उपधारा 13(1)(क) व 13(1)(ग) प्रावधानो का उल्लंघन किया जाना स्वीकार किया गया।

एतद् द्वारा प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 की धारा 13(1) के तहत मैसर्स : बाजिया सिक्यूरिटी सर्विसेज प्रा.लि. एण्ड ट्रेनिंग सेन्टर, लाइसेन्स संख्या 578/ CD & HG HQ (S-Cell)/2017 दिनांक 06.07.2012 (वैद्यता दिनांक 05.07.2022) को तुरन्त प्रभाव से निरस्त **(Cancelled)** किया जाता है।

03/3/2020

(राजीव दासोत)
नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक, गृह रक्षा)
राजस्थान, जयपुर

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं पालनार्थ –

1. श्री ओमप्रकाश पिलानिया पुत्र श्री केशर राम पिलानिया, पता : मकान नं. 225, बालाजी विहार–।।, कालवाड़ रोड़, झोटवाड़ा, पुलिस स्टेशन–करधनी, जयपुर

(विकास लाम्बा)
कमाण्डेन्ट
प्राईवेट सिक्यूरिटी सैल
गृह रक्षा मुख्यालय,राजस्थान,
जयपुर

Scanned by CamScanner